दिन—शनिवार

दिनांक— 01 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।

अवधिः— 15 मिनट

---

01. सातवें और अंतिम चरण का मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आठ संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। पचास दशमलव पांच—छह प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान।

02. पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक छप्पन दशमलव नौ—एक प्रतिशत जबकि पटना साहिब में सबसे कम पैंतालीस प्रतिशत हुआ मतदान।

03. चुनाव के सफल आयोजन पर विभिन्न दलों ने चुनाव आयोग को धन्यवाद किया। मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों और मतदाताओं के प्रति विशेष आभार जताया।

04. और, चार जून को होगी मतगणना। सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों— नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। मतों की गिनती चार जून को होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि पचास दशमलव पांच—छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि यह अनुमानित आंकड़ा है।

———बाईट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्रमें सबसे अधिक छप्पन दशमलव नौ—एक प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, बक्सर में तिरेपन दशमलव सात—शून्य प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। काराकाट में तिरेपन दशमलव चार—चार, जहानाबाद में इक्यावन दशमलव दो—शून्य, सासाराम में इक्यावं, आरा में अड़तालीस दशमलव पांच—शून्य, नालंदा में छियालीस दशमलव पांच—शून्य और पटना साहिब में सबसे कम पैंतालीस प्रतिशत मतदान हुआ है।

————————————————————————

राज्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य में पिछले छह चरणों के मतदान का अंतिम आंकड़ा भी जारी किया है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में उनचास दशमलव दो—छह प्रतिशत, दूसरे चरण में उनसठ दशमलव चार—पांच प्रतिशत, तीसरे में उनसठ दशमलव एक—पांच, चौथे चरण में अट्ठावन दशमलव दो—एक, पांचवे चरण में छप्पन दशमलव सात छह और छठे चरण में सत्तावन दशमलव एक—आठ प्रतिशत मतदान हुआ।

————————————————————————————

राजधानी पटना की दोनों सीटों पाटलिपुर और पटना साहिब में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हो गया। ताजा जानकारी के लिए सीधे रूख करते हैं, हमारे संवाददाता आशीष रंजन का। आशीष आज गर्मी कम थी, क्या इसका असर दिखा मतदान पर।

———बाईट———

जी खालिद दोनो हॉट सीटों पर मतदान संपन्‍ हो चुका है और ईवीएम को पटना स्थित एन कालेज के वज्र गृह में जमा कराया जा रहा है। आज सुबह से ही पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं के बीच खासा उत्साह दिखा । शहरी मतदाताओं की तुलना में ग्रामीण मतदाता ज्यादा उत्साहित दिखे । इसका परिणाम मतदान प्रतिशत में भी दिख रहा है। अबतक कि जानकारी के मुताबिक पाटलीपुत्र में सबसे अधिक मतदान हुआ है जबकि पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में एक बार फिर मतदान कम हुआ है। खालिद..... ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से दोपहर तक बूथों पर मतदाताओं की लम्बी—लम्बी कतारें देखी गयी और शाम होने तक मतदाताओं का उत्साह बना रहा। दिव्यांग, महिला और बुजुर्ग मतदाताओं के साथ—साथ पहली बार मतदान करने वाले वोटरों ने भी बढ़—चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

————————————————————————————

जहानाबाद में छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। यहां मुख्य मुकाबला जदयू के चंदेश्वर प्रसाद और राजद के सुरेन्द्र यादव के बीच है। और जानकारी के लिए सीधे रूख करते है हमारे संवाददाता आभाष रंजन का। जी आभाष बताये क्या अपडेट है—

———बाईट———

जी खालिद....

जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ चुनाव के पर्व में भागीदारी निभायी। सुबह 7 बजे से ही मतदान केन्द्रो पर लंबी लंबी कतारे लग गई। कुछ एक घटनाओं को छोड़कर मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। आपको बता दे कि मखदुमपुर के बूथ संख्या 101 पर झड़प के बाद शरारती तत्वों ने एक राउंड फायरिंग किया। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को पुनः सामान्य कर दिया। वहीं, रतनी प्रखंड के सरैया गांव के बूथ संख्या 106 और 107 के मतदाताओं ने सड़क निर्माण को लेकर मतदान का बहिष्कार किया।
आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

————————————————————————————

सासाराम सुरक्षित संसदीय क्षेत्र में भीषण गर्मी के बावजूद लोग बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के पर्व में शामिल हुये। ताजा जानकारी के लिए चलते हैं हमारे संवाददाता श्रीकांत पांडेय के पास। श्रीकांत आज मतदान के दौरान गर्मी का कितना असर दिखा आपको।

———बाईट———

खालिद आपको बता दें कि ..... संसदीय क्षेत्र में दो हजार छत्तीस मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हो गया है। तेज़ धूप और भीषण गर्मी भी मतदाताओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी। दोपहर की अपेक्षा सुबह के समय मतदान केंद्रों पर वोटरों की लंबी—लंबी कतार देखी गई। कुछ मतदान केंद्रों पर सुबह में वोट

बहिष्कार की खबर आयी जिसे संज्ञान में लेकर वरीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझा बूझाकर मतदान शुरू कराया । करीब डेढ़ दर्जन बुथो पर ईवीएम में तकनीकी खराबी की शिकायत के बाद इसे बदल दिया गया। डीएम सावन कुमार, एसपी ललित मोहन शर्मा सहित जिले वरीय अधिकारी मतदान केंद्रों पर भ्रमण करते हुए देखे गए।

————————————————————————

बक्सर संसदीय क्षेत्र में मतदान के दौरान सभी वर्ग के मतदाताओं में खासा उत्साह रहा। ताजा जानकारी के लिए रूख करते है हमारे संवाददाता शशांक शेखर का। जी शशांक क्या ताजा जानकारी है।

———बाईट———

खालिद ताज़ा जानकारी यही है कि ....मतदान संपन्न हो गया है और इस समय ईवीएम को सुरक्षित ढ़ंग से स्ट्रांग रुम में जमा कराया जा रहा है। बक्सर संसदीय क्षेत्र में भीषण गर्मी है। इसके मद्देनज़र अधिकतर मतदाताओं ने सुबह के समय ही मतदान का फर्ज पूरा कर लिया। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किये गये थे। बिहार पुलिस के साथ ही अर्धसैनिक बलों के जवान भी तैनात दिखे। निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अशुल अग्रवाल ने पहली बार मतदान करनेवाले युवाओं को पौधा देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही 14 प्रत्याशिय़ों की किस्मत तय हो गई है।

————————————————————————

नालंदा संसदीय क्षेत्र में मतदान के आखिरी घंटे में भी विभिन्न मतदान केन्द्रों पर लोगों की उत्साही भीड़ दिखी। अपडेट के लिए सीधे चलते हैं, हमारे संवाददाता निरंजन कुमार के पास। निरंजन बताये कैसा रहा मतदान।

———बाईट———

नालंदा संसदीय क्षेत्र में भीषण गर्मी के बावजूद मतदाताओं में गज़ब का उत्साह दिखा। शुरुआती दौर में कुछ जगहों पर ईवीएम में खराबी की शिकायतें मिली। जिसे घंटे भर में ठीक कर लिया गया। सुबह में मतदान की रफ्तार तेज रही। दोपहर में थोड़ी धीमी होने के बाद दिन ढ़लत ही फिर से तेज़ी देखने को मिली। खालिद आपको बता दें कि जिले के कराय परशुराय, नगरनौसा और रहुई प्रखंड के एक एक मतदान केंद्रों पर विकास के मुद्दे को लेकर मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार किया। इसे छोड़कर कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशांक शुभंकर पूरे मतदान की र्प्किया की निगरानी करते रहे।

————————————————————————

आरा लोकसभा सीट और अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया है। कैसा रहा मतदान जानने के लिए चलते हैं, हमारे संवाददाता मुकेश कुमार सिन्हा। जी मुकेश बताये क्या जानकारी है....

———बाईट———

जी खालिद .................. आरा संसदीय निर्वाचन एवं अगियांव सुरक्षित विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है । गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने बढ़चढ़ अपनी लोकतांत्रिक ज़िम्मेदारी का निर्वाह किया । कुछ स्थानों पर देर से मतदान शुरु होने के कारण लोगों को परेशानी हुई। हालांकि जल्द ही इसका समाधान कर दिया गया । लोग फिलहाल एक्जिट पोल देख और समझ रहे है...लेकिन असली नतीजे के लिए 4 जून का इंतजार रहेगा ।

————————————————————————

काराकाट संसदीय क्षेत्र में गर्मी के बावजूद अच्छी वोटिंग हुई है। और जानकारी के लिए रूख करते हैं, हमारे संवाददाता चंदन कुमार का। चंदन क्या इस बार वोटिंग प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में बढ़ा है।

---बाईट---

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए आठ सीटों पर बारह महिलाओं समेत कुल एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट–

---बाईट---

नालंदा सीट पर सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पाटलिपुत्र से बाईस, पटना साहिब से सत्रह, जहानाबाद से पंद्रह, आरा और बक्सर से चौदह–चौदह, काराकाट से तेरह और सासाराम से दस उम्मीदवारों की चुनावी प्रतिष्ठा दांव पर है। बहुजन समाज पार्टी से सबसे अधिक आठ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, भाजपा के पांच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक और जदयू के दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राजद के तीन, कांग्रेस के दो और भाकपा माले के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिन प्रमुख उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला इस चरण में मतदाताओं ने तय कर दिया है, उनमें एक वर्तमान केन्द्रीय मंत्री आर. के. सिंह और तीन पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, उपेन्द्र कुशवाहा और रामकृपाल यादव, जदयू के कौशलेन्द्र कुमार और चंद्रेश्वर प्रसाद के नाम शामिल हैं। वहीं, इंडी गठबंधन की ओर से राजद की मीसा भारती, सुधाकर सिंह, सुरेन्द्र यादव, कांग्रेस के अंशुल अभिजीत, भाकपा माले के सुदामा प्रसाद और निर्दलीय प्रत्याशी भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की चुनावी किस्मत भी ईवीएम में सील हो गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए हृदय कांत मिश्र।

---

अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए भी आज वोटिंग सम्पन्न हो गयी। चुनाव आयोग ने बताया कि इस क्षेत्र में छियालीस प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके साथ ही अगिआंव विधानसभा उपचुनाव में नौ उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। यहां एनडीए खेमे के जदयू उम्मीदवार प्रभुनाथ प्रसाद और भाकपा माले के शिव प्रकाश रंजन के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है।

---

सभी चरणों की मतगणना चार जून को होगी। लेकिन इससे पहले सातों चरण के मतदान के पूरा होने के बाद अब विभिन्न समाचार एजेंसियों, चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये एग्जिट पोल का प्रसारण किया जा रहा है।

---

विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन ने आज नई दिल्ली में एक बैठक की। बैठक में मतगणना और चुनाव परिणाम के बाद आगे की रणनीतियों पर चर्चा की गयी। बैठक में विशेष तौरपर मतगणना के दिन विपक्षी पार्टियों द्वारा किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों पर भी विशेष मंथन किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि इंडी गठबंधन 295 से अधिक लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

———बाईट———

———————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए चार सौ का आंकड़ा अवश्य पार करेगा। श्री नड्डा ने चुनाव के सफल आयोजन के लिए चुनाव आयोग की प्रशंसा की है। उन्होंने चुनाव कर्मियों, सुरक्षा कर्मी और मतदाताओं को भी धन्यवाद किया है।

———बाईट———

———————————————————————————————

सात चरणों के चुनाव के सफल आयोजन के बाद चुनाव आयोग निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में स्थित वज्रगृह की सुरक्षा और बढ़ा दी गयी है। आस–पास की गतिविधियों पर वीडियो कैमरे से नजर रखी जा रही है। इधर, आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना केन्द्रों की नियमित निगरानी के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. सातवें और अंतिम चरण का मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आठ संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। पचास दशमलव पांच–छह प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान।

02. पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक छप्पन दशमलव नौ–एक प्रतिशत जबकि पटना साहिब में सबसे कम पैंतालीस प्रतिशत हुआ मतदान।

03. चुनाव के सफल आयोजन पर विभिन्न दलों ने चुनाव आयोग को धन्यवाद किया। मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों और मतदाताओं के प्रति विशेष आभार जताया।

04. और, चार जून को होगी मतगणना। सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।